आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.11.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअली बैठक में कानून व्यवस्था, जनशिकायतों और प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा की।
- कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के निर्देश के बाद पौड़ी गढ़वाल के पोखड़ा विकासखण्ड में आदमखोर बाघ को मारने के लिए शूटर तैनात।
- रुद्रप्रयाग जिले की ग्राम पंचायत रतूड़ा में माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम पर विधिक शिविर का आयोजन।
- बागेश्वर में संकुल स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ। स्कूली बच्चों ने रचनात्मकता, ज्ञान और कौशल प्रस्तुति का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज वर्चुअली बैठक में राज्य के विकास कार्यों की प्रगति, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण और प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शीतकालीन यात्रा की तैयारियों में तेजी लाते हुए प्रदेश के सभी पर्यटक स्थलों पर सड़क, पेयजल, पार्किंग आदि की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने रजत जयंती उत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विजन के अनुरूप सभी जिलों में कार्यों का संपादन सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला स्तर पर नियमित सत्यापन और निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में विशेष निगरानी बनाए रखने और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, शहरों और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की पूरी व्यवस्था और उनकी रियल–टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को पिछले तीन साल में बने स्थाई निवासी प्रमाण पत्रों की जांच करने और गलत तरीके से बने प्रमाण पत्र में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। श्री धामी ने सीएम हेल्पलाइन की नियमित निगरानी करने और बीडीसी बैठक, तहसील दिवस तथा जनसुनवाई चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं के समय पर समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

आदमखोर बाघ

पौड़ी गढ़वाल के पोखड़ा विकासखण्ड में आदमखोर बाघ को मारने की अनुमति मिलने के बाद आज से क्षेत्र में पिंजरे लगाने के साथ ही शूटरों की तैनाती कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि शीघ्र ही आदमखोर बाघ मारा जाएगा और लोगों को उसके भय से छुटकारा मिल पाएगा। उन्होंने बाघ के हमले में प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए वन विभाग के अधिकारियों से तत्काल पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि जंगली जानवरों के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, इसलिए विभाग तत्काल जंगली जानवरों से लोगों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। गौरतलब है कि गत 13 नवम्बर को विकासखंड पोखड़ा–बगड़ीगाड निवासी एक महिला को बाघ ने मार डाला था और उसके अगले ही दिन ग्राम घन्डियाल में बाघ के हमले में एक महिला घायल हो गई थी। चौबट्टाखाल विधानसभा से विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र में इन घटनाओं पर रोक लगाने और लोगों की सुरक्षा के लिए हाल ही में जिलाधिकारी और प्रभागीय वनाधिकारी को आदमखोर बाघ को मारने की अनुमति लेने के निर्देश दिए थे।

शहीदी वर्ष कार्यक्रम

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित ''हिन्द की चादर– एक सर्वोच्च बलिदान गाथा'' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर गुरमत संगीत बाल विद्यालय, ऋषिकेश के बच्चों ने गुरु तेग बहादुर के जीवन और बलिदान की अमर गाथा को संगीत और शबद के रूप में भावपूर्ण अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनकी शहादत पर आधारित एक पुस्तक ''गुरु तेग बहादुर'' का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत भारत की आध्यात्मिक विरासत, सांस्कृतिक अस्मिता और मानवीय मूल्यों की रक्षा का सर्वोच्च उदाहरण है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि 350वें शहीदी वर्ष की स्मृति में प्रदेश सरकार 19 नवम्बर से श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसका समापन 24 नवम्बर को हरिद्वार संस्कृत विश्वविद्यालय में होगा।

विधिक शिविर

रुद्रप्रयाग जिले की ग्राम पंचायत रतूड़ा में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह की अध्यक्षता में माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम– 2007 पर विधिक शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण की सचिव ने वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न कानूनी अधिकार, समान शिक्षा–समान अधिकार, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और नालसा हेल्पलाइन नंबर 1–5–1–0–0 की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक रहने और आवश्यकता पड़ने पर संबधित अधिकारी या न्यायाधिकरण से सम्पर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विज्ञान महोत्सव

बागेश्वर में आज संकुल स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता और विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, ज्ञान और कौशल प्रस्तुति का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक रवि जोशी ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से बच्चों में जागरूकता, विश्लेषण क्षमता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

छात्रा मनीषा जोशी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नए अनुभवों को सीखने का मौका मिलता है।

पहाड़ी एआई

तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने क्षेत्रीय बोली भाषा के संवर्धन और संरक्षण की दिशा में देहरादून में 'पहाड़ी एआई' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल हमारी भाषाई पहचान को डिजिटल युग में नई पहचान और नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल भाषा सीखने, समझने और संरक्षित करने को सरल बनाते हुए आने वाली पीढ़ियों को अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

जनता दरबार

देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में आज क्लेक्ट्रेट परिसर में जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, सीमांकन, अतिक्रमण, भरण पोषण, आपदा से क्षतिपूर्ति सहायता आदि से जुड़ी 146 शिकायतें दर्ज की गईं। मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया, जबकि कुछ प्रकरणों को संबंधित विभागों को प्रषित करते हुए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उधर, हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 57 शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। बत्तीस समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया और शेष समस्याओं को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।